जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिलिया इस्लामिया

मई 8, 2023

प्रेस विज्ञप्ति

## जामिया 'जॉब उत्सव' में सैकड़ों छात्रों को मिली नौकरी

यूनिवर्सिटी प्लेसमेंट सेल (यूपीसी ), जामिया मिलिया इस्लामिया (जेएम्आई ) ने एक जॉब कम इंटर्नशिप फेयर "करियर कनेक्ट" (जॉब उत्सव) का आयोजन 3 और 4 मई, 2023 को हाइब्रिड मोड (ऑफलाइन एंड ऑनलाइन ) में किया। इसका आयोजन नंदी फाउंडेशन और महिंद्रा प्राइड क्लासरूम के सहयोग से आयोजित किया गया था। आईईएस नई दिल्ली इस कार्यक्रम का एसोसिएट स्पॉन्सर था।

इस जॉब उत्सव को लेकर छात्रों के जबरदस्त उत्साह के अंदाज़ा इस बात से लगाय जा सकता है की अलग-अलग पाठ्यक्रमों के 2000 से ज्यादा छात्रों ने इस जॉब फेयर के लिए रजिस्ट्रेशन करवाया। इस दो-दिवसीय नौकरी उत्सव के दौरान विभिन्न कंपनियों ने 120 से अधिक छात्रों का चयन किया और 500 से ज्यादा छात्र अगले दौर के लिए चयनित हुए। मेले में रिज्यूम सत्यापन और मॉक इंटरव्यू के लिए भी स्टॉल लगाए गए थे, जिसमें 300 छात्रों की भारी भीड़ देखी गई।

मेले में 60 से ज्यादा नमी-गिरामी कंपनियों ने भाग लिया जिनमें टेक महिंद्रा, JTEKT, Acxiom Consulting, Vserv, Maintec, The Economic Times, IB Global प्रमुख थीं। ऑफलाइन इंटरव्यू का आयोजन इंजीनियरिंग फैकल्टी के ऑडिटोरियम और विश्वविद्यालय प्लेसमेंट सेल के कार्यालय में किया गया।

फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग के ऑडिटोरियम में मेले का उद्घाटन समारोह आयोजित हुआ जिसमें जामिया की कुलपति प्रो. नजमा अख्तर (पद्म श्री) मुख्य अतिथि थीं। यूपीसी, जामिया की निदेशक प्रो. राहेला फारूकी ने अपने स्वागत भाषण में गणमान्य व्यक्तियों, कंपनियों के एचआर और मेहमानों का स्वागत किया और 2023 बैच के प्लेसमेंट की मुख्य विशेषताएं भी साझा कीं। फैकल्टी ऑफ़ फाइन आर्ट्स और होटल मैनेजमेंट के छात्रों ने भी इस मेले में अपने स्टॉल लगाए थे।

कार्यक्रम के सम्मानित अतिथि, श्री रवि श्रीवास्तव, नंदी फाउंडेशन के क्षेत्रीय प्रबंधक ने कृषि और महिला सशक्तिकरण में नंदी फाउंडेशन की पहल को साझा किया।

प्रो. नजमा अख्तर ने यूपीसी, जामिया को छात्रों के प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट तथा जॉब उत्सव 2023 के आयोजन के प्रयासों के लिए बधाई दी। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि जामिया अपने छात्रों के समग्र विकास के लिए हमेशा प्रयास करता है और उनकी क्षमताओं में पूर्ण विश्वास रखता है। प्रो. सबा खान, उप-निदेशक, यूपीसी, जामिया ने जॉब उत्सव को सफल बनाने के लिए यूपीसी, जामिया के अधिकारियों, विश्वविध्यालय प्रशासन और इसके आयोजन में जुड़े विभिन्न पाठ्यक्रमों के छात्रों को धन्यवाद दिया।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिलिया इस्लामिया